**भारत सरकार**
**वित्त मंत्रालय**
**व्यय विभाग**

**लोक सभा**

**लिखित प्रश्न संख्या –2256**

*सोमवार, 5 अगस्त, 2024/14 श्रावण, 1946 (शक)*

**पंजाब को विशेष औद्योगिक पैकेज**

**2256. डॉ. राज कुमार चब्बेवाल:**

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की पंजाब की सीमावर्ती राज्य के रूप में रणनीतिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए इसे विशेष औद्योगिक पैकेज प्रदान करने की कोई योजना है;

(ख)यदि हां, तो विशेष औद्योगिक पैकेज के अंतर्गत प्रस्तावित लाभों और प्रोत्साहनों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को ऐसे विशेष औद्योगिक पैकेज की स्वीकृति हेतु कोई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;

(घ) यदि हां, तो प्राप्त ऐसे प्रस्तावों अथवा अनुरोधों का ब्यौरा और उनकी वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ङ) क्या पंजाब में कंडी क्षेत्र को समकक्ष बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)**

(क) और (ख): जी नहीं। फिलहाल, पंजाब राज्य सरकार को कोई विशेष औद्योगिक पैकेज प्रदान किए जाने की कोई योजना नहीं है।

(ग) से (ङ): जी नहीं। व्यय विभाग के पास उपलब्ध सूचना के अनुसार, पंजाब को कोई औद्योगिक पैकेज प्रदान किए जाने का प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। हालांकि, भारत सरकार पंजाब राज्य सहित सभी राज्य सरकारों को वित्त आयोग द्वारा संस्तुत अनुदानों, केंद्रीय क्षेत्र की स्कीमों, केंद्र प्रायोजित स्कीमों, पूंजीगत निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता हेतु स्कीम, अतिरिक्त उधार की अनुमति आदि के रूप में पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराती है।

*****